केवल विभागीय उपयोगार्थ

कम्प्यूटर परिपत्र संख्या- 0910038 /वाणिज्य कर/ दिनांक::जुलाई:: ::2009

पत्रांक-सी0टी0टी0-न्याय-व0प्र0अ0पटल /2009-2010/ /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(वाद अनुभाग)

लखनऊ::दिनांक:: 30 ::जुलाई-2009

समस्त डिप्टी कमिश्नर/असिस्टेन्ट कमिश्नर,
वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

विषय:- मा0 उच्च न्यायालय , इलाहाबाद/लखनऊ के समक्ष दाखिल होने वाले रिट/रिवीजन में प्रतिशपथ पत्र हेतु दाखिल किये जाने वाले प्रस्तरवार आख्या/नैरेटिव के सम्बन्ध में।

मुख्यालय पर आयोजित न्यायिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि रिट/रिवीजन के मामलों में फील्ड से सम्बन्धित करनिर्धारण/प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा जो प्रस्तरवार आख्यायें उपलब्ध करायी जा रही हैं वे सरसरी तौर पर तैयार की जा रही हैं और इनका स्तर भी अपेक्षित श्रेणी का नही रहता है, जिसके कारण इन प्रस्तरवार आख्याओं के आधार पर तैयार प्रतिशपथ पत्रों में विभाग का सबल एवं तर्क संगत आधार मा0 उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नही हो पाता है और विभाग के विरुद्ध निर्णय की सम्भावना बढ़ जाती है।

अत: प्रस्तरवार आख्या में अपेक्षित सुधार लाने के दृष्टिगत यह निर्देश दिये जाते हैं कि भविष्य में रिट/रिवीजन के मामलों में करनिर्धारण अधिकारी/प्रवर्तन अधिकारी द्वारा तैयार किये गये प्रस्तरवार आख्या/नैरेटिव के आलेख का अनुमोदन सम्बन्धित सम्भाग के ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक) अथवा ज्वाइन्ट कमिश्नर (वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर, जिनसे सम्बन्धित हो, द्वारा अनुमोदन के पश्चात् ही मुख्य स्थायी अधिव ता, उच्च न्यायालय कार्यालय एवं मुख्यालय को प्रेषित किया जाय।

उपर्यु त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाय।

(अनिल संत)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उ त।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने स्तर से भी सम्बन्धित अधिकारियों को अनुपालन हेतु निर्देशित करें।

2- एडीशनल कमिश्नर गेड-1/ग्रेड-2(उ0न्या0कार्य) वाणिज्य कर, इलाहाबाद/लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

3- समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर(कार्यपालक) वाणिज्य कर, उ0प्र0, सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

4- समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर(वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर, उ0प्र0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(जी0एन0 गुप्ता)
ज्वाइन्ट कमिश्नर(वाद) वाणिज्य कर,
उ0प्र0, लखनऊ।

अ